# उत्तर प्रदेश में 17 हजार इकाइयां स्थापित : केशव

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत प्रदेश में 17 हजार इकाइयां स्थापित की गई हैं। उन्होंने कहा कि योजना के तहत प्रत्येक जिले में एक हजार यूनिटें स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने अपील की कि इच्छुक लोग प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का अधिक से अधिक उठाएं। साथ ही कहा कि सरकार का प्रयास है कि अधिक से अधिक युवक, युवतियां स्वयं का उद्यम स्थापित कर युवाओं को रोजगार देने वाले बने।

श्री मौर्य गुरुवार को लखनऊ के आलमबाग स्थित राजकीय सामुदायिक फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित 15 दिवसीय फल संरक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ करने के बाद प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित कर रहे थे।